पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

लखनऊ: 18 अगस्त, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज विश्व फोटोग्राफी दिवस की पूर्व संध्या पर 'द यूथ फोटोजर्नलिस्ट एसोसिएशन' की तीसरी प्रदर्शनी वार्षिक फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री साहिल सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष श्री दीपक गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर पायनियर अंग्रेजी के वरिष्ठ फोटोजर्नलिस्ट श्री प्रदीप शाह कुमाया, राष्ट्रीय सहारा के श्री दीपचन्द गुप्ता, टाइम्स आफ इण्डिया के श्री मनोज छाबड़ा व श्री संजय त्रिपाठी को पत्रकारिता में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शाॅल, सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

राज्यपाल ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष गत वर्षों से ज्यादा फोटोग्राफ प्रदर्शनी में देखने को मिले। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रदर्शनी के समापन के बाद एसोसिएशन प्रदर्शनी का आंकलन करते हुए रिपोर्ट तैयार करें तथा रिपोर्ट की एक प्रति उन्हें भी भेजी जाए। नवोदित फोटो जर्नलिस्टों को उचित प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे भविष्य में सफल छायाकार बन सकें। उन्होंने कहा कि आगे कुछ नया करने के प्रयास के साथ उसके अनुसार सुधार पर भी विचार किया जाना चाहिए।

श्री नाईक ने कहा कि फोटोग्राफी स्मृति से संजोने वाला काम है। फोटोग्राफर का एक क्लिक एक हजार शब्दों पर भारी होता है। आज के दौर में लगभग दस करोड़ लोगों के पास मोबाइल फोन हैं जिसके माध्यम से लोग बराबर फोटो लेते रहते हैं। फोटोग्राफी में एकाग्रता और योग्य समय पर क्लिक करना महत्व का काम होता है। मनुष्य से ज्यादा पशु पक्षी का फोटो निकालना चुनौतीपूर्ण काम है क्योंकि इसके लिए कई-कई दिन संयम के साथ उचित अवसर का इंतजार भी करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी एक प्रकार की साधना है। राज्यपाल ने कहा कि कई बार महत्वपूर्ण अवसरों पर नेताओं और अधिकारियों के सोते हुए फोटो समाचार पत्रों में देखने को मिलते हैं जो फोटोग्राफर की कुशलता इंगित करता है।

कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री श्री साहिल सिद्दीकी ने एसोसिएशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राज्यपाल के गत वर्ष के सुझाव पर इस वर्ष फोटो प्रदर्शनी का आयोजन ललित कला अकादमी के बड़े हाॅल में किया गया है। पिछले साल लगभग 70 फोटोग्राफ लगाए गए थे और इस वर्ष प्रदर्शनी में 100 से अधिक फोटोग्राफ प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए गए।

एसोसिएशन के सदस्य श्री सूरज ने राज्यपाल को अपने द्वारा खींचा गया उनका एक फोटो भी भेंट किया। श्री दीपक गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (313/29)

Krishan Singh
Mayank Mishra

THE YOUTH
PHOTOJOURNALIST
ASSOCIATION

THE YOUTH
PHOTOJOURNALIST
ASSOCIATION
TYPA
ललित कला